
शुक्रवार
15 अप्रैल 2022



पृष्ठ 4
बेडरूम को नया लुक देने के लिए अपनाएं ये तरीके



पृष्ठ 5
साउथ के सुपरस्टार राम चरण ने क्रू मेंबर्स को बांटे सोने के सिक्के



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 76
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

मुहब्बत त्याग की माँ है। वह जहाँ जाती है अपने बेटे को साथ ले जाती है।

– सुदर्शन

# दून वैली मेल


सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बदलने की चर्चा तेज

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अचानक दिल्ली तलब किए जाने से एक बार फिर सियासी गलियारों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक को बदले जाने की चर्चाएं तेज हो गई है। धामी को आज शाम 7.30 बजे दिल्ली पहुंचना है।

मुख्यमंत्री के आकस्मिक दिल्ली दौरे के कार्यक्रम से भाजपा में एक बार फिर प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक को बदले जाने की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। हालांकि पहले यह खबरें आई थी कि भाजपा मदन कौशिक को अभी प्रदेश अध्यक्ष पद से नहीं हटाएगी। क्योंकि इससे यही संदेश जाएगा कि चुनाव के दौरान भितरघात के आरोपों के कारण उन्हें पद से हटाया गया। पार्टी ने पहले नवंबर में प्रदेश अध्यक्ष बदलने के बारे में सोचा था लेकिन 2024 की तैयारियों में जुटी भाजपा सीएम के चुनाव के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष को बदलने सहित अन्य कई कामों को जल्द से जल्द निपटाने के मूड में है।



❑सीएम धामी दिल्ली तलब, देर शाम होंगे रवाना
❑केंद्रीय नेताओं से होगी कई मुद्दों पर वार्ता

मुख्यमंत्री धामी को आज अचानक दिल्ली बुलाने के पीछे प्रदेश अध्यक्ष बदलने से लेकर मुख्यमंत्री के लिए सीट का चयन तथा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के नाम का चयन और खाली पड़ी तीन कैबिनेट मंत्रियों की सीटों पर फैसले सहित कई अहम मुद्दों पर बात किए जाने की चर्चाएं हैं। मुख्यमंत्री धामी को 6 माह के अंदर चुनाव जीतकर विधानसभा की सदस्यता लेनी है। हालांकि उनके लिए भाजपा के कई विधायक अपनी सीट छोड़ने की पेशकश कर चुके हैं वहीं कांग्रेस से नाराज विधायक हरीश धामी भी अपनी धारचूला सीट छोड़ने को कह रहे हैं। लेकिन उनके लिए सबसे सुरक्षित सीट कौन सी होगी इसका फैसला हाईकमान को ही करना है। धामी खुद भी यह कह चुके हैं अब फैसला भाजपा हाईकमान को करना है कि वह किसी कांग्रेसी सीट पर चुनाव लड़ते हैं या कोई भाजपा विधायक उनके लिए सीट छोड़ेगा।

कोटद्वार विधायक रितु खंडूरी को स्पीकर बनाए जाने के बाद प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष का पद भी खाली पड़ा है इस पर रितु खंडूरी की जगह कौन उपयुक्त चेहरा होगा इस पर भी सीएम के साथ केंद्रीय नेता बात कर सकते हैं। वही खाली पड़े मंत्री पदों को भरने पर भी बात हो सकती है। सीएम धामी कल शाम तक दिल्ली में ही रहेंगे। प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार भी इस दौरान दिल्ली में ही हैं। वही केंद्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष जिन्हे 4 अप्रैल को दून आना था अब 24 को आ रहे हैं। इससे पूर्व सीएम को दिल्ली बुलाकर अहम मुद्दों पर उनकी राय जानने के लिए ही उन्हें दिल्ली बुलाया गया है।

# कांग्रेसी नेता झगड़े में मस्त, भाजपा चुनावी तैयारी में व्यस्त

विशेष संवाददाता

देहरादून। विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेसी नेताओ के बीच आपसी खींचतान और अधिक तेज हो चुकी है। चुनावी नतीजों को लेकर आरोप–प्रत्यारोप के दौर के बीच नेता और उपनेता विपक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष के चयन के बाद यह झंझट अपने चरम पर पहुंच चुका है जिसे लेकर भाजपाई भी खूब चुटकियां ले रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने 2024 के आम चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। भले ही अभी चुनाव में लंबा समय शेष हो लेकिन संगठन और सरकार दोनों मोर्चों पर भाजपा ने अभी से मोर्चाबंदी करनी शुरू कर दी है।

कांग्रेस के जो 19 विधायक जीतकर इस बार विधानसभा पहुंचे थे कांग्रेस उन्हें अपने पूरे कार्यकाल संभाल कर रख सकेगी इसकी संभावनाएं आज की स्थिति को देखकर कम ही नजर आ रहा है। अगर कांग्रेसी नेताओं का यह झगड़ा फिर तूल पकड़ता है तो प्रदेश कांग्रेस का भविष्य दांव पर लग सकता है लेकिन कांग्रेसी नेताओं को अभी यह समझ नहीं आ रहा है और वह निजी हितों के लिए



●कांग्रेसी रूठने मनाने में जुटे हैं
●भाजपा का ध्यान वोटों पर केंद्रित

लड़ने में मस्त हैं। उधर भाजपा जल्द से जल्द जरूरी कामों को निपटाने और संगठन को मजबूत करने के साथ–साथ केंद्रीय तथा राज्य की सभी योजनाओं को जल्द से जमीन पर उतारने और उन्हें 2024 से पूर्व पूरा करने के काम में जुटी हुई है।

24 अप्रैल को भाजपा कोर ग्रुप की बैठक लेने केंद्रीय नेता बीएल संतोष दून आ रहे हैं। सीएम को चुनाव लड़ा कर जल्द विधानसभा सदस्य बनाने

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

## देश में कल से एक लाख स्वास्थ्य केंद्रों पर टेलीमेडिसिन परामर्श सुविधा शुरू की जाएगी: मनसुख मांडविया

नई दिल्ली । केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में कल से एक लाख स्वास्थ्य केंद्रों पर टेलीमेडिसन परामर्श सुविधा शुरू की जाएगी। मांडविया ने शुक्रवार को यहां एक ट्वीट में कहा कि अब आम आदमी को भी बड़ डॉक्टरों से परामर्श लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा,श अब आम नागरिक भी देश के बड़ डॉक्टर से ले पाएँगे सलाह। आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर १६ अप्रैल को एक लाख केंद्रों पर ई–संजीवनी टेली–कंसल्टेशन सुविधा शुरू की जाएगी। बता दे, स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बीजेपी दिल्ली के हेडक्वार्टर में प्रेस कांफ्रेंस की थी जहा उन्होंने कहा था की पहले स्थिति ये थी कि कुछ अच्छा होता था तो वो दुनिया में ही होता था और उसका भारत में उदाहरण दिया जाता था लेकिन मैं परसो जेनेवा में एक वैक्सीन ग्लोबल एलायंस की बैठक में भाग लेकर आया. दुनिया ने जिस तरह से भारत के कोरोना प्रबंधन और टीकाकरण अभियान को देखा है वो अद्भुत है।




## भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 949 नए केस दर्ज, 6 मरीजों की मौत

नई दिल्ली । भारत में कोरोना वायरस के मामलों में मामूली गिरावट का दौर जारी रहने के बावजूद दैनिक मरीजों की संख्या एक हज़ार से कम बनी हुई है। वहीं मौत की संख्या १० से भी नीचे दर्ज हुई। देश में मौजूदा समय में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या ११ हज़ार है। डेली पॉजिटिविटी रेट ०.२६ प्रतिशत बना हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले २४ घंटे में कोरोना संक्रमण के ६४६ नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों का आंकड़ा ४३, ०३६, ६७२ पहुंच गया है। वहीं इस दौरान कोरोना के चलते ६ मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या ५, २१,७४३ हो गयी है।



आंकड़ों के मुताबिक, देश का डेली पॉजिटिविटी रेट ०.२६ प्रतिशत, वीकली पॉजिटिविटी रेट ०.२५ प्रतिशत और डेथ रेट १.२१ प्रतिशत है। भारत में कल कोरोना वायरस के लिए ३,६७,२१३ सैंपल टेस्ट किए गए, कल तक कुल ८३,११,७७,३७० सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं। देश में कोरोना के खिलाफ जारी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक १८६.३० करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोज़ लग चुकी हैं।

वही दूसरी ओर चीन में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के ३,४०० से अधिक मामले सामने आए। इसके अलावा २०,७०० ऐसे मामलों का भी पता चला जिनमें मरीजों में कोविड के कोई लक्षण नजर नहीं आए। संक्रमण के अधिकतर मामले शंघाई में आये जहां, पिछले दो सप्ताह से महामारी के प्रसार को काबू में लाने लॉकडाउन जारी है। स्थानीय लोगों में भोजन और स्वास्थ्य सेवाओं की आपूर्ति को लेकर अंसतोष बढ़ता जा रहा है। चीन में गुरुवार को मुख्य तौर पर संक्रमण के ३,४७२ मामलों का पता चला। ये मामले स्थानीय तौर पर संक्रमण के हैं। इनके अलावा २०,७८२ मामले ऐसे सामने आए जिनमें मरीजों में महामारी के लक्षण नजर नहीं आए।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## कांग्रेस की कब्र खोदते कांग्रेसी

कहा जाता है कि जब वक्त बुरा होता है तो अपने भी साथ छोड़ जाते हैं। देश की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी भी आजकल अपने जीवन काल के सबसे संकटपूर्ण समय से गुजर रही है। युवा नेताओं को इस अवनति काल में कांग्रेस में बने रहने पर अपना कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा है वहीं पुराने नेताओं को कहीं और ठिकाना नहीं दिख रहा है इसलिए वह बड़े-बड़े पदों पर चिपके रहने और अपने वजूद को बनाए रखने पर मजबूर हैं। भले ही उनकी स्थिति अब कुछ कर दिखाने के मामले में एक छूटे हुए कारतूस जैसी है जो किसी काम का नहीं रहता है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस में इन दिनों जो कुछ दिख रहा है या हो रहा है उस सबका लब्बोलवाब भी यही है। दो विधानसभा चुनावों में मिली बड़ी हार के बाद अब वह विधायक भी जो चुनाव जीत कर आए हैं पार्टी के खिलाफ बागी तेवर दिखा रहे हैं। तमाम अन्य राज्यों की तरह अब यहां भी कांग्रेसी नेता खुद ही पार्टी की कब्र खोदने में लगे हुए हैं। यह अलग बात है कि पार्टी की कब्र खोदकर वह खुद अपनी भी कब्र खोद रहे हैं क्योंकि जिस महत्वाकांशा के कारण वह ऐसा कर रहे हैं उनकी वह इच्छा कहीं भी और कभी भी पूरी नहीं हो सकती है। पूर्व सीएम विजय बहुगुणा और डॉ हरक सिंह इसके उदाहरण हैं। 2016 में जो नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए थे या अब 2022 में जो पार्टी के खिलाफ बगावत का झंडा लेकर फिर रहे हैं उनमें से कोई एक भी उत्तराखंड राज्य का कभी मुख्यमंत्री नहीं बन सकता है। हरीश धामी सहित जिन आठ-दस विधायकों द्वारा कांग्रेस में सम्मान न मिलने की बात कर भाजपा के लिए सीट छोड़ने या भाजपा में जाने की धमकियां दी जा रही है ऐसे नेताओं को कांग्रेस को खुद ही धक्का दे देना चाहिए क्योंकि इन्हें मनाने के प्रयासों से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। कांग्रेस हाईकमान को इस बुरे वक्त में कड़े फैसले लेने की जरूरत है जो पार्टी के अनुशासन का पालन न करें उन्हें पार्टी से सिर्फ निकाला ही नहीं जाना जरूरी है बल्कि उनकी वापसी पर भी आजीवन बैन लगाना भी जरूरी है। हो सकता है कि इस कठोर फैसले के तत्कालिक परिणाम कांग्रेस को थोड़े से अप्रिय प्रतीत हों लेकिन दूरगामी परिणाम जरूर अच्छे होंगे। जो बड़े बुजुर्ग नेता पार्टी में नई पौध तैयार नहीं होने देना चाहते उन्होंने जीवन भर राजनीतिक सुख भोगा है। अब उनकी सेवा निवृत्ति जरूरी है क्योंकि वह पार्टी की प्रगति में खुद एक बाधा है। उनकी चाटुकारिता से शीर्ष नेतृत्व को मुक्त हुए बिना कांग्रेस का उत्थान संभव नहीं है। दो दशक में कांग्रेस ने जो खोया है उसे अब वह दो सालों में अर्जित नहीं कर सकती है। लेकिन संगठनात्मक स्तर पर लिए गए कठोर और सही फैसले एक दशक में कांग्रेस की गाड़ी को पटरी पर जरूर ला सकती है। लेकिन इसके लिए दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति के साथ कठोर परिश्रम की जरूरत है। अन्यथा कांग्रेस नेता जिसे एक पार्टी नहीं विचार बताते हैं उस विचार का महत्वहीन हो जाना तय हैं।

## महंत अस्ताल से किया करोड़ों का गबन

संवाददाता

देहरादून। महंत इंद्रेश चिकित्सालय में वित्त अधिकारी के पद पर तैनात व्यक्ति ने एक करोड 49 हजार का गबन करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय नौटियाल न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन का अधिकृत प्रबंधक है व श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन द्वारा इस शिकायत को दर्ज कराने हेतु अधिकृत है। सौरभ शर्मा को श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन द्वारा बतौर कर्मचारी अस्पताल में नियुक्त किया था तथा कुछ समय के बाद सौरभ की पदोन्नति वित्त प्रबंधक के पद पर कर दी गई थी। सौरभ ने वित्त प्रबंधक के पद पर 2012 से 2016 तक रहा उसके बाद श्री महंत इंद्रेश अस्पताल द्वारा सौरभ को २०१६ में अपने मिशन द्वारा संचालित अन्य संस्था में स्थानांतरित कर दिया जिसके कुछ समय बाद सौरभ ने मिशन की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया था। सौरभ के कार्यकाल के दौरान अपने रिश्तेदार साई मेडिकोज के मालिक के साथ मिलकर संस्थान को एक करोड 45 लाख 49 हजार रूपये का गबन किया गया है। न्यायालय के आदेश पर पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आंगनबाड़ी वर्करों ने समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

अल्मोड़ा (आरएनएस)। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की ताकुला ब्लॉक इकाई की रामलीला मंच सोमेश्वर में बैठक हुई। जिसमें संघ के सदस्यों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। गुरुवार को बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भगवती बिष्ट ने की। उन्होंने कहा बाल विकास योजना के तहत उपलब्ध सामग्री आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाने, वेतन वृद्धि, कर्मचारियों का अवशेष वेतन दिए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कई बार आंदोलन किए। लेकिन सरकार ने आज तक उनकी मांगों का संज्ञान नहीं लिया है। इस दौरान उन्होंने शीघ्र समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर प्रदेश स्तरीय आंदोलन की चेतावनी दी। इधर, आंगनबाड़ी संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष किरन नेगी ने कहा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खातों में जो भी धनराशि विभाग की ओर से भेजी जाती है उसका पूर्ण विवरण दिया जाए।

# मुख्यमंत्री ने किया 15 ग्राम सेतुओं का वर्चुअल उद्घाटन

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेस्कों व आईसीआईसीआई फाउण्डेशन के माध्यम से छह गांवों में निर्मित 15 ग्राम सेतुओं का उद्घाटन किया




आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में हेस्को और आईसीआईसीआई फाउण्डेशन के माध्यम से राज्य के 06 पर्वतीय जनपदों के गांवों में निर्मित 15 ग्राम सेतुओं का वर्चुअल उद्घाटन किया। उत्तराखण्ड के 06 जनपदों में इन 15 पुलों का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार, हेस्को के संस्थापक एवं पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, आईसीआईसीआई फाउण्डेशन के अध्यक्ष सौरभ सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में नदी नाले हैं, जिनके चारों तरफ गांव बसे हैं। जब इन नदियों और गाद गदेरों को पार करना पड़ता है, तो यह एक बहुत बड़ा संकट भी होता है। मानसून अवधि में पहाड़ में जनजीवन बहुत प्रभावित होता है। पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों के जन जीवन को सामान्य करने की दिशा में हेस्को ने आईसीआईसीआई फाउंडेशन के साथ मिलकर सराहनीय पहल की है। इनके सहयोग से पर्वतीय जनपदों में 15 पुलों का निर्माण हुआ है। जिससे 64 गांव जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के कार्य व्यापक स्तर पर होने चाहिए। उत्तराखण्ड के समग्र विकास के लिए सामाजिक संगठन एवं संस्थाएं अहम भूमिका निभा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में भी हेस्को और आईसीआईसीआई फाउण्डेशन इस तरह के प्रयोगों को उत्तराखंड में आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयोग जो सफल प्रयोग के रूप में समझे जा रहे हैं, इनको राज्य में बढ़ावा दिया जायेगा। केंद्र व राज्य सरकार की विकास योजनाओं के साथ ही प्रदेश के विकास के लिए विभिन्न संगठनों एवं संस्थानों का सहयोग लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 पुल जो राज्य के विभिन्न जगहों पर बने हैं, जिला अधिकारियों के लिए भी अनुप्रयोग होंगे। जिलाधिकारी भी इनका संज्ञान लेते हुए ग्राम व पंचायत स्तर पर इस कार्य को बढ़ावा देने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग हिमालय के प्रति जो गंभीरता जताते हैं, उनमें इस तरह के प्रयोगों की आवश्यकता उन्होंने भी महसूस की होगी। आने वाले समय में नीति आयोग भी उत्तराखंड राज्य में होने वाले इन प्रयोगों को अपनी योजनाओं में सम्मिलित कर एक आदर्श राज्य बनाने में हमारे लिए एक बड़ा सहायक और पथ प्रदर्शक सिद्ध होगा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि उत्तराखण्ड के सर्वांगीण विकास के लिए जितना संभव हो सके, नीति आयोग द्वारा मदद की जायेगी।

उन्होंने उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए की गई इस सराहनीय पहल के लिए हेस्को और आईसीआईसीआई फाउण्डेशन के कार्यों की सराहना की। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए समाज, सरकार एवं उद्यम को मिलकर कार्य करें तो राज्य तेजी से आगे बढ़ेगा।

# आसन नदी में हो रहे खनन की शिकायत डीएम से की

संवाददाता

देहरादून। आसन नदी में हो रहे अवैध खनन की शिकायत स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी से कर तत्काल कार्यवाही की मांग की।

आज यहां हरभजवाला आरकेडिया ग्रांट के लोग जिला मुख्यालय में एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि वह हरभजवाला के निवासी हैं तथा गांववासियों की कृषि भूमि से लगती हुई आसन नदी जोकि पौराणिक नदी है। उन्होंने कहा कि कुछ भूमाफिया लोग पिछले तीन माह से निरन्तर पौकलैण्ड व जेसीबी मशीनों से अवैध खनन कार्य कर रहे हैं तथा उक्त लोगों द्वारा नदी को अवरूद्ध कर भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं तथा बैगर प्रशासन की अनुमति के एक पुल का भी निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त लोग अपने आपको हरियाणा का बताते हैं जिनसे ग्रामवासियों को अपनी भूमि का भी संकट पैदा हो रहा है। गांव वालों ने अपनी कृषि भूमि को बचाने हेतु उक्त लोगों को रोकने की भी कोशिश की तो ये भूमाफिया व इनके गुण्डे गांव वालों को डराते व धमकाते हैं। उन्होंने कहा कि गांव वाले उक्त भूमाफिया व उनके गुण्डों का विरोध करने में असमर्थ हैं तथा प्रशासन से मांग करते हैं कि उक्त भूमाफियाओं पर कार्यवाही कर आसन नदी को बचाया जाये। ज्ञापन देने वालों में अर्जुन सिंह गुसांई, लाल सिंह, मनोहर सिंह, रणवीर सिंह, अशोक कुमार, चन्दन सिंह आनन्द सिंह, शेरसिंह, राजेन्द्र प्रसाद आदि शामिल थे।

> उतादः परुषे गवि सूरश्चक्रं हिरण्ययम्।
> न्यैरयद्रथीतमः।।
>
> (ऋग्वेद ६—५६—३)
>
> प्रकाशित करने वाली सतसंग, उपदेशात्मक ज्ञानवाणीयां हमारी इंद्रियों, मन और बुद्धि को प्रदीप्त करती हैं। हम प्रशस्त रथी बनकर हिरण्यय चक्र को अपने अंदर स्थापित करें और कठोर वाणी को छोड़कर कोमल वाणी को अपनाएं।
>
> The illuminating Vani illumines our senses, mind and intellect. Let us establish Hiranyaya chakra (giver of the divine light) in ourselves by becoming a great charioteer and instead of harsh speech, adopting soft speech.
> (Rig Veda 6-56-3)

# कस्टमर केयर कर्मचारी बन ठगे डेढ लाख

संवाददाता

देहरादून। फिलिप कार्ड कस्टमर केयर कर्मचारी बन महिला से एक लाख 87 हजार रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूनम पत्नी चकित कुमार सती ग्राम - झीवरेडी कारबारी ग्रांट ने साइबर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि सात अप्रैल को जब वह अपने घर पर मौजूद थी अपने फोन पर वह फिलिप कार्ड कस्टमर केयर का नम्बर ढूंढ रही थी तो मुझे मोबाइल मे कॉल आया और उसने बोला वह फिलिप कार्ड कस्टमर केयर से बोल रहा है वहं आपकी क्या सहायता कर सकता है। तो उसने उसको बताया जब भी कोई सामान ऑडर करती हूँ तो वह डिलीवरी के दिन अपने आप से कैंसिल हो जाता है। उस व्यक्ति ने उससे गूगल प्ले स्टोर से एनीडेस्क ऐप डाउन लोड करवाया और उसको इंस्टाल कराने के बहाने से उसके फोन को एक्सिस लेकर उसके फोन पे तथा आई मोबाइल पे से अलग -अलग ट्रॉंजेक्शन कर कुल 1,83,797 रु की धनराशि की धोखाधड़ी की गयी जिसके सम्बन्ध में मेरे द्वारा तुरन्त ऑन लाइन साईबर कम्पलेन्ट कर दी गयी थी। साइबर थाने के आदेश पर पटेलनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने नेपाली फार्म के पास चैकिंग के दौरान एक कार को रूकने का इशारा किया तो कार सवार कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही रोक लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने कार से नौ पेटी शराब की बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम सोहन लाल पुत्र पीताम्बर दत्त मलासी निवासी होशयारी मन्दिर के पास रायवाला बताया। वहीं पटेलनगर पुलिस ने चमनपुरी में एक युवक को 18 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आशीष नेगी पुत्र  हिकमत सिंह निवासी ननूरखेडा रायपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

# स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने पांवटा रोड जिला पंचायत बैरियर के पास मोटरसाईकिल सवार दो युवकों को रूकने का इशारा किया तो पुलिस को देख वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर रोक लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से 31 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम हेमंत चौहान उर्फ मोनू पुत्र रामसिंह निवासी लक्ष्मीपुर सहसपुर व तस्लीम पुत्र इस्लाम निवासी बरोटीवाला विकासनगर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# अल्मोड़ा में मौसम का मिजाज बदला, मौसम सुहावना

अल्मोड़ा (आरएनएस)। जिला मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को एकाएक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से देर शाम तक आसमान बादलों से घिरा रहा। दिन में हल्की बारिश और तेज हवाओं से लोगों को बढ़ती उमस से राहत मिली। हालांकि पांच–दस मिनट बाद ही बारिश बंद हो गई थी। इधर, तेज हवाओं के चलने से लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। दरअसल, लंबे समय से बारिश नहीं होने और लगातार धूप खिलने से अप्रैल में हर रोज तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी। तापमान ३० डिग्री के पार पहुंचने से लोगों को उसम का सामना करना पड़ रहा था। रात के समय भी उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी थी। इधर, गुरुवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। बादल छाने और हल्की बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली। अधिकांश समय आसमान बादलों से पटा रहा। गुरुवार को अधिकतम तापमान ३० डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान १२ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# रं कल्याण संस्था ने एसडीएम को दी विदाई

पिथौरागढ़ (आरएनएस)। एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला के बेरीनाग स्थानांतरण होने पर रं कल्याण संस्था ने भावभीनी विदाई दी। गुरुवार को रं संग्रहालय में अध्यक्ष दीपक रोंकली की अध्यक्षता में विदाई कार्यक्रम हुआ। इस दौरान लोगों ने स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर एसडीएम शुक्ला को सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा एसडीएम शुक्ला का तीन साल का कार्यकाल सराहनीय रहा है। उन्होंने दारमा, व्यास व चौदास वैली के दर्जनों गांवों की समस्याओं को समझते हुए तत्परता से उनका निस्तारण किया। उन्होंने एसडीएम शुक्ला को भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। एसडीएम शुक्ला ने सभी लोगों का आभार जताया। यहां अशोक नबियाल, देवकृष्ण फकलियाल, कृष्ण गर्ब्याल, मोहन तत्वाल, राम सिंह ह्यांकी, महिमन ह्यांकी, नृप गर्ब्याल, प्रेमा कुटियाल, क्षमा गर्ब्याल, आभा फकलियाल आदि मौजूद रहे।

# पानी के लिए महिलाओं ने जेई का किया घेराव

हल्द्वानी (आरएनएस)। तल्ली हल्द्वानी क्षेत्र में पानी नहीं आने के विरोध में महिलाओं ने मौके पर पहुंचे लाइनमैन और जेई का घेराव किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाने को कहा। चेतावनी दी कि जब तक क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं की जाएगी, उन्हें बंधक बनाकर रखेंगे। बाद में एई के मौके पर पहुंचने और पूर्व निर्धारित समय के अनुसार क्षेत्र के पानी की सप्लाई के आश्वासन पर महिलाओं का गुस्सा शांत हुआ। शहर के तल्ली हल्द्वानी क्षेत्र में लंबे समय से पानी का संकट बना हुआ है। क्षेत्र में आपूर्ति का समय बदले जाने के बाद से ही क्षेत्र में पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। इससे आक्रोशित महिलाओं ने गुरुवार को नगर निगम के पार्षद मनोज जोशी की मौजूदगी में जेई व लाइनमैन का घेराव किया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक क्षेत्र में पानी की सप्लाई सुचारू नहीं हो जाती तब तक वह जेई व लाइनमैन को जाने नहीं देंगी।

# एक ओर शूटर दून से गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। वैली मेल ने दो दिन पूर्व ही चिन्ता व्यक्त की थी कि पॉश कालोनियों में क्यों नही किया जाता सत्यापन अभियान जबकि कुख्यात अपराधियों के लिए यह कालोनियां साफ्ट कार्नर होती है।

बता दें कि दो दिन पूर्व ही वैली मेल ने इस बारे में चिन्ता व्यक्त की थी कि पॉश कालोनियों में पुलिस का सत्यापन अभियान क्यों नही चलाया जाता है? अभी एक दिन पूर्व ही डोईवाला कोतवाली पुलिस ने भी मलिन बस्तियों को ही निशाना बनाकर वहां पर सत्यापन अभियान चलाया था तथा बूढे, बुर्जुग लोगों का चालान कर उनके फोटो खींच  अपनी पीठ थपथपायी थी जैसे बहुत बडा काम कर दिया हो। वहीं पॉश कालोनियों में सत्यापन अभियान चलाने में दून पुलिस हमेशा पीछे रही है। जबकि



www.dunvalleymail.com पृष्ठ 3

## पॉश कालोनियों में क्यों नहीं चलता पुलिस का सत्यापन अभियान?

संवाददाता

देहरादून। पुलिस का सत्यापन अभियान मलिन बस्तियों, गली मौहल्लों तक ही क्यों सीमित रहता है। पॉश कालोनियों में पुलिस का सत्यापन अभियान फुस्स क्यों हो जाता है इसके बारे में अभी तक ना तो कोई अधिकारी ही स्पष्ट कर सके। जबकि अभी तक कई कुख्यातों का इन पॉश कालोनियों में छुपे होने के प्रमाण मिल चुके हैं।

राज्य बनने के बाद प्रदेश में बाहरी राज्यों से लोगों का यहां पर जमावाडा शुरू हो गया। जहां बाहर से व्यापारियों ने प्रदेश में आना शुरू किया तो वहीं बाहरी राज्यों के कुख्यातों के भी कदम दून में पडने शुरू हो गये। जिसके लिए पुलिस समय–समय पर सत्यापन अभियान चलाती है। पुलिस का यह सत्यापन अभियान पुलिस को ही मजाक का पात्र बनाता है। पुलिस सत्यापन अभियान के नाम पर सुबह पांच–छह बजे मलिन बस्ती में ऐसे लाव लश्कर के साथ पहुंचती है जैसे सुल्ताना डाकू को पकडने के लिए आयी हो। वहां पर रहने वाले गरीब तबके के लोगों की लाईन लगा दी जाती है तथा मकान मालिकों के चालान काट दिये जाते हैं। मकान मालिकों के चालान काटकर पुलिस अधिकारी ऐसा दर्शाते हैं कि जैसे बहुत बडा काम कर दिया हो लेकिन होता इससे उल्टा ही है। क्योंकि कुख्यात किसी गली मौहल्ले व मलिन बस्तियों में नहीं ठहरते थे। इनका निशाना पॉश कालोनियां होती थी। जबकि पुलिस बदमाशों की तलाश मलिन बस्तियों व गली मौहल्लों में करती हैं। इस बात के कई प्रमाण पुलिस को मिल भी चुके हैं।

मुम्बई के मजदूर नेता दत्ता सावंत के दोनों हत्यारे (छोटा राजन के शूटर) दून के ही आर्यनगर की पॉश कालोनी में कोठी किराये पर लेकर रह रहे थे। अगर वह दादर हवेली के व्यापारी से रंगदारी ना मांगते तो दून पुलिस सपने में भी उनको नहीं पकड पाती। इसके अलावा भी बिहार का एक कुख्यात बसंत विहार की पॉश कालोनी में महीनों से किराये पर कोठी लेकर रह रहा था तथा आसपास के लोग उसको शरीफ आदमी मान रहे थे लेकिन जब बिहार पुलिस ने उसको वहां से गिरफ्तार किया तब पता चला कि यह बिहार का इतना कुख्यात बदमाश है कि उसने पचास से भी अधिक हत्यायें एके-47 से कर रखी हैं। यह ऐसे उदाहरण है जिनको देखकर पुलिस को भी समझ लेना चाहिए की कुख्यातों की पसंद पॉश कालोनियां होती है। यही नहीं अभी हाल के वर्षो में पंजाब की नाभा जेल ब्रेकडाउन की योजना भी यहीं बनायी गयी थी। नाभा जेल को तोडने व वहां से कुख्यात आतंकियों को छुडाने का मास्टर माइंड परमिन्दर अपने साथियों के साथ सहस्त्रधारा रोड में स्थित पॉश कालोनी में ही रह रहा था तथा उसने यहीं रहकर नाभा जेल तोडने की योजना बनायी थी तथा यहीं से वह एके-47 लेकर पंजाब गया था। इसका खुलासा भी जब उसको सहारनपुर से गिरफ्तार करने पर हुआ था। इन सब घटनाओं के बाद भी अभी तक पुलिस का सत्यापन अभियान पॉश कालोनियों में नहीं चला है। क्या कारण है कि पुलिस पॉश कालोनियों में सत्यापन अभियान चलाने से कतराती है? इसका तो पुलिस अधिकारी ही जाने?

## ●दून वैली मेल ने दो दिन पूर्व ही जतायी थी चिन्ता

देखा जाये तो यही पॉश कालोनियां कुख्यात अपराधियों की पनागाह होती हैं। क्योंकि पॉश कालोनी में कोई एक दूसरे को नहीं जानते तथा ना ही मतलब रखते हैं। ऐसी ही जगह कुख्यातों के लिए महफूज होती है जहां कोई एक दूसरे के बारे में ना सोचते हो।

मलिन बस्ती में जहां कोई बाहर का व्यक्ति आकर ठहरता है तो सभी उसके बारे में जानकारी जुटाने के लिए उत्सुक होते हैं। तब वहां पर किसी भी अपराधी का ज्यादा दिन टिकना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाता है। लेकिन हमारी पुलिस इस बारे में कब जागेगी यह सोचनीय विषय है। पहले दत्ता वासंत के हत्यारे, फिर बिहार का कुख्यात, लश्कर का आतंकी भी इसी मांडूवाला में एक कालेज में पढायी कर अपनी गतिविधियां जारी रखे हुए था और अब लोरेंस विश्नोई का शूटर यहां से पकडा गया है और कितने उदाहरण पुलिस प्रशासन के सामने पेश करने होंगें। वैली मेल समय–समय पर ऐसी चिन्ता व्यक्त करता रहा है और करता रहेगा।

# चोरी की योजना बनाते खुखरी के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी की योजना बना  रहे दो लोगों को खुखरी के साथ गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने शिमला बाईपास के पास रात्रि गश्त के दौरान दो लोगों को चोरी की योजना बनाते हुए पकड लिया। जिनकी तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से खुखरी बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम तैयब पुत्र इकबाल निवासी नूर बस्ती मेहूंवाला व सुल्तान पुत्र दाऊद हसन निवासी मोहिनी रोड डालनवाला बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बिजली कटौती ने शहरवासियों को रुलाया

हल्द्वानी(आरएनएस)। शहरी क्षेत्र में ऊर्जा निगम के पेड़ों की कटाई–छटाई करने के दौरान तेरहबीघा व उजाला नगर क्षेत्र में बिजली की कटौती की गई। जिससे क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी के दौरान ६ घंटे तक परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी के दौरान की जा रही बिजली कटौती से लोगों में व्यवस्था के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है। उधर ग्रामीण क्षेत्र में फॉल्ट के चलते मुखानी बिजली फीडर में ६ घंटे बिजली सप्लाई बाधित रही। जिससे पीलीकोठी से लेकर आरके टैंट हाउस रोड तक करीब ५ हजार उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी के सीजन में बिजली पोलों से लगे पेड़ों की कटाई–छटाई को अभियान शुरू किया है। जिससे ५ से ६ घंटे तक क्षेत्र में बिजली कटौती की जा रही है। गुरुवार को तेरहबीघा व उजाला नगर क्षेत्र में पेड़ों की कटाई–छटाई का काम किया गया। शहरी क्षेत्र के अधिशासी अभियंता बीएस बिष्ट ने बताया कि बिजली की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए पेड़ों की कटाई–छटाई जरूरी है। जिसके लिए इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उधर शहर से लगे ग्रामीण फीडर मुखानी में दिन के १ बजे अचानक बिजली पैनल की केबिल टर्मिनेशन किट डैमेज हो गई। जिससे मुखानी, पीलीकोठी व आरके टैंट हाउस क्षेत्र से लगी करीब ५ हजार से अधिक की आबादी ने बिजली संकट झेलना पड़ा। क्षेत्र में करीब ६.३० बजे बिजली की आपूर्ति सुचारू हो सकी।

# महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से रोजगार को बढावा दिया जायेगाः मर्तोलिया

संवाददाता

मुनस्यारी।  जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह मर्तोलिया ने कहा कि पंचायतों में महिला स्वयं सहायता समूह गठन कर समूह के माध्यम से कृषि,बागवानी तथा जड़ी बूटी की खेती को रोजगार के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा।



आज यहां जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की अध्यक्षता में मल्ला जोहार क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों  के पंचायत प्रतिनिधियों तथा आम जनता के बीच दराती में बैठक हुई। समुद्र की सतह से 2800 मीटर से 3100 मीटर की ऊंचाई पर बसे इन ग्राम पंचायतों में छः माह के लिए ग्रीष्म कालीन माइग्रेशन के लिए जाते है। इस क्षेत्र में रोजगार का बेहद अभाव दिखता है।  बैठक में तय किया गया है कि तीन ग्राम पंचायतों में महिला स्वयं सहायता समूह गठन किया जाएगा। समूह के माध्यम से कृषि,बागवानी तथा जड़ी बूटी की खेती को रोजगार के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि  क्षेत्र में लगातार हो रहे के वृक्षों के कटान पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। क्षेत्र में भूगोल एवं जलवायु के आधार पर नई नर्सरी विकसित की जाएगी। रोजगार से संबंधित पौधों का रोपण किया जाएगा।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने जोर देकर कहा कि विकास की यात्रा में पर्यावरण को संतुलित किया जाना बेहद आवश्यक है। यहां के ग्लेशियरों से निकलने वाली गोरी गंगा मुख्य नदी से भारत की जनता को पानी प्राप्त होता है। इसलिए क्षेत्र का पर्यावरण संकट को समझते हुए कार्य योजना बनाई जानी चाहिए। मर्तोलिया ने कहा कि हमारे क्षेत्र के लिए सरकार को विकास की अलग नीति बनानी चाहिए। इस क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्यों को नई टेक्नोलॉजी के आधार पर किया जाना चाहिए। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना विकास कार्य संपादित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह का गठन इस क्षेत्र के लिए विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में मीलम के ग्राम प्रधान गिरीश पांगती,  रालम की ग्राम प्रधान मंजू दरियाल, लास्पा की ग्राम प्रधान चंद्रा देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य विक्की दरियाल सहित दर्जनों ग्राम प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जी मचलाने पर क्या खाएं-क्या नहीं, जानिए यहाँ

कई बार हमारे साथ ऐसा होता है कि अंदर से जी मिचलाने और उल्टी जैसा महसूस होने लगता है। जी हाँ, कभी सुबह तो कभी शाम में और कभी-कभी सफर के दौरान ऐसा होता है, हालाँकि ऐसा होने पर कुछ भी खाने-पीने की इच्छा नहीं होती है। ऐसा लगता है, जो भी खाएंगे, वह बाहर आ जाएगा।

कई लोगों के साथ ऐसा सफर के दौरान होता है वहीं इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे एलर्जी, कोई सर्जरी, प्रेग्नेंसी, कुछ दवाओं का सेवन, हार्मोनल डिसऑर्डर, पेट संबंधित समस्याएं, पेट में कीड़े होना, फूड इन्टॉलरेंस, कैंसर का इलाज आदि। वहीं कई बार अधिक गर्मी के कारण भी उल्टी, मतली की समस्या हो सकती है। हालाँकि जब उल्टी महसूस हो या उल्टी हो जाए, तो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस और हाइड्रेटेड बने रहने के लिए खाना-पीना जरूरी हो जाता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं उन फूड्स के बारे में जिनसे जी मिचलाने, उल्टी की समस्या को कम किया जा सकता है।

जी मिचलाने में क्या खाएं- अगर आपको उबकाई या मतली जैसा महसूस हो तो सेब का सेवन करें। जी हाँ क्योंकि इस फल में फाइबर, आयरन होता है। यह शरीर से टॉक्सिन बाहर निकालने में मदद करता है। इसी के साथ यह पाचन को भी बढ़ाते है, जिससे आंतों में होने वाली समस्या दूर होती है। अगर जी मचलाने से छुटकारा चाहिए तो आप इसको काटकर खाएं या जूस पिएं।

* अगर उल्टी, मतली जैसी समस्या है तो अदरक का एक टुकड़ा मुंह में रहकर चबाएं। जी दरअसल अदरक में मौजूद जिंजरोल जी मिचलाने की समस्या से छुटकारा दिलाता है। वहीं जिन लोगों का कैंसर के इलाज में कीमोथेरेपी चल रही हो, उन्हें अदरक जरूर खाना चाहिए। इसके आलावा प्रेग्नेंसी में भी मॉर्निंग सिकनेस होने पर इसे खाना फायदेमंद होता है। आप चाहे तो इसे पानी में उबाल कर पी सकते हैं।

* नारियल पानी पीने से भी उल्टी की समस्या दूर होती है। इसी के साथ ही गर्भावस्था में मॉर्निंग सिकनेस, मतली या उल्टी के कारण हुई डिहाइड्रेशन में यह पीना चाहिए। आप एक गिलास नारियल पानी में नींबू का रस मिलाकर पिएं, लाभ होगा।

* जब भी आपको उल्टी आए या मतली महसूस हो तो एक केला खा लें। जी दरअसल यह पेट की लाइनिंग में म्युकस के निर्माण को बढ़ाता है, जिससे जी मिचलाना ठीक हो जाता है।

# गार्डन की कई समस्याओं को दूर कर सकता है सिरका, ऐसे करें इस्तेमाल

आप अब तक सिरके का इस्तेमाल तरह-तरह के व्यंजन बनाने से लेकर घर की सफाई करने के लिए करते आए होंगे, लेकिन क्या आप इस बात से वाकिफ हैं कि सिरका आपके गार्डन के लिए भी बेहद काम का है। दरअसल, सिरका गार्डन से कीड़े-मकोड़े दूर करने से लेकर गार्डनिंग टूल्स को आसानी से साफ करने में आपकी मदद कर सकता है। आइए जानते हैं कि आप गार्डन में किस-किस तरह सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं।

गार्डन से दूर होगें कीड़े-मकोड़े

अगर आपके गार्डन में कीड़े-मकोड़ों ने तहलका मचा रखा है तो उन्हें हमेशा के लिए गार्डन से दूर रखने में सिरका आपकी काफी मदद कर सकता है। इसके लिए एक बर्तन में आधा कप सिरका और एक मग पानी डालकर उन्हें अच्छे से मिलाएं और एक घोल तैयार कर लें। अब इस घोल को एक स्प्रे बोतल में डालकर इससे अपने गार्डन में छिड़काव करें। इस घोल की महक से कीड़े-मकोड़े कुछ ही दिनों में भाग जाएंगे।

बतौर कीटनाशक करें इस्तेमाल

अगर आप अपने गार्डन को फफूंद से बचाना चाहते हैं तो आपको अपने गार्डन में समय-समय पर कीटनाशक का छिड़काव करना होगा। दरअसल, फफूंद से गार्डन के फल और फूल को काफी नुकसान पहुंच सकता है। वहीं, फफूंद वाले गार्डन की चीजों के सेवन से आप कई शारीरिक समस्याओं की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में कीटनाशक का छिड़काव बेहद जरूरी है। इसके लिए आवश्यकतानुसार पानी में एक कप सिरका मिलाकर गार्डन में छिड़कें।

अगर आपके गार्डन में पौधों के आस-पास बड़ी मात्रा में जंगली घास उग आई है तो इसे हटाने के लिए भी आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए जंगली घास की जड़ों पर थोड़ा सिरका डालकर छोड़ दें। एक से दो दिन में ये घास अपने आप मुरझा जाएगी। इसके बाद आप इस घास को गार्डन से हटा सकते हैं। वहीं, सिरके के इस्तेमाल से उस जगह पर दोबारा जंगली घास नहीं उगेगी।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# बेडरूम को नया लुक देने के लिए अपनाएं ये तरीके



जब भी बात बेडरूम को नया लुक देने की आती है तो अममून लोगों का सबसे पहला ध्यान खर्चे पर जाता है और इस कारण कई लोग बेडरूम को नया लुक देने का ही टाल देते हैं। हालांकि, अगर आप क्रिएटिव हैं तो आप कम बजट में ही अपने बेडरूम को शानदार लुक दे सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने बेडरूम को बहुत आसानी से नया लुक दे सकते हैं।

पेंट करें

पेंट आपके बेडरूम को नया लुक देने का सबसे आसान तरीका है। इसके लिए आपको न तो पेंटर्स की जरूरत है और न ही महंगे पेंट की। बस आप कुछ डीआईवाई ट्रिक्स आजमाएं और अपने बेडरूम की सिर्फ एक दीवार को नया लुक दें। बेहतर होगा कि आप इसके लिए पेस्टल रंग के पेंट चुनें क्योंकि वे आजकल ट्रेंड में हैं। इसके अतिरिक्त, आप अपने पुराने फर्नीचर के रंग को भी बदल सकते हैं।

लाइट्स करेंगी कमाल

आप चाहें तो लाइटिंग व्यवस्था से भी अपने बेडरूम को नया लुक दे सकते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि बेडरूम में ऐसी लाइट्स का इस्तेमाल अच्छा रहता है, जो बहुत ज्यादा चटख न हो और इतनी हल्की भी न हो कि देखने में समस्या हो। इसके लिए आप स्टेटमेंट येलो एलईडी लाइट्स को चुन सकते हैं क्योंकि ये आपके बेडरूम को रॉयल टच देगीं। इसके अतिरिक्त, आप लेयर्ड लाइटिंग का विकल्प भी चुन सकते हैं।

रग खरीदें

रग यानी एक छोटा कालीन, जिसके जरिए भी आप अपने बेडरूम को नया लुक दे सकते हैं। यह आपके बेडरूम को शांत और आरामदायक बना सकता है। खासकर, अगर आपके बेडरूम का फर्श लकड़ी का है तो रग इसे खरोंच से बचाएगा। हालांकि, ध्यान रखें कि आजकल मार्केट में कई डिजाइन, रंग और साइज में रग मिलते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि आप अपने बेडरूम के साइज के अनुसार और गहरे रंग के रग को चुनें।

अन्य टिप्स

ये टिप्स भी आ सकती हैं आपके काम

आप अगर अपने बेडरूम को नया लुक देना चाहते हैं तो इसमें से बहुत पुरानी चीजों को घर से बाहर कर दें और पुराने फ्रेम्स को भी दीवारों से हटा दें। इसके अतिरिक्त, अगर आप अपने बेडरूम को खुला और खूबसूरत लुक देना चाहते हैं तो आप संतुलित मात्रा में ही फर्नीचर का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही आप अपने बेडरूम में कुछ इंडोर प्लांट्स भी रख सकते हैं।

# आरआरआर ने रचा कीर्तिमान, 1000 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली बनी तीसरी मूवी

पिछले कुछ समय से बॉक्स ऑफिस पर साउथ फिल्मों का बोलबाला देखने को मिल रहा है। साउथ मूवीज रिलीज हो रही हैं और जबरदस्त कमाई भी कर रही हैं। पहले पुष्पा का कहर देखने को मिला और अब एस एस राजामौली की फिल्म आरआरआर का तूफान रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। राजामौली की इस फिल्म ने उनकी सुपरडुपर ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली का भी रिकॉर्ड तोड़ती नजर आ रही है। वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो आरआरआर मूवी 1000 करोड़ की कमाई करने वाली देश की तीसरी मूवी बन गई है।

ने फिल्म की कमाई के ताजा आंकड़े शेयर किए हैं। उनके मुताबिक इस मूवी ने 16वें दिन दुनियाभर में 1000 करोड़ की कमाई के जादुई आंकड़े को छुआ है। इससे पहले सिर्फ प्रभास की बाहुबली 2 और आमिर खान की दंगल ही इस मुकाम तक पहुंच चुकी है।

फिल्म की बात करें तो इसका निर्देशन एस एस राजामौली ने किया है। राजामौली बड़े बजट की फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं।

इस मूवी का बजट भी करीब 550 करोड़ का है। लेकिन फिल्म तो पूरा पैसा वसूल कर के दोगुनी कमाई की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इसमें जूनियर एनटीआर और राम चरण लीड रोल में हैं। इसके अलावा मूवी में आलिया भट्ट, अजय देवगन, ओलीविया मॉरिस, श्रिया सरन समेत और स्टार्स भी शामिल हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 94

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 93 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## पंखुड़ी अवस्थी गुड़ से मीठा इश्क में अपनी भूमिका के लिए ऐश्वर्या राय से थीं प्रेरित

गुड से मीठा इश्क की अभिनेत्री पंखुरी अवस्थी शो में अपनी भूमिका के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन से प्रेरणा लेने की बात की। पंखुड़ी का कहना है कि उन्होंने 1999 में आई फिल्म ताल में बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन के किरदार से काजू के किरदार को गढ़ा था।

अभिनेत्री ने बताया, शो का शीर्षक ट्रैक बहुत सुंदर है और ताल अपने आप में सर्वश्रेष्ठ है। जब शो में इस गाने पर डांस करने की बात आती है, तो सबसे पहले जो व्यक्ति दिमाग में आता है वह प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय हैं। क्योंकि उनसे बेहतर इस गाने की कल्पना कोई नहीं कर सकता था। खासकर जब शो गुड से मीठा इश्क के लिए मेरे हालिया फोटोशूट के दौरान मुझे अपने पहाड़ी लुक में पोज देने के संदर्भ में ऐश्वर्या राय बच्चन की एक तस्वीर दिखाई गई थी। तो यह कहना कोई खिंचाव नहीं है कि मैंने उनसे काजू के लिए प्रेरणा ली। मुझे उम्मीद है कि मेरे किरदार को दर्शकों द्वारा पसंद किया जाएगा और लोग मेरे किरदार को पसंद करते रहेंगे। फिल्म फार्म इंडिया द्वारा निर्मित यह शो जल्द ही दर्शकों को एक नई प्रेम कहानी से रूबरू कराएगा।

अभिनेत्री पंखुरी अवस्थी जहां एक हिल टूरिस्ट गाइड काजू की भूमिका में नजर आएंगी, वहीं ईशान धवन फोटोग्राफर नील खुराना के रूप में नजर आएंगे और मीरा देवस्थले एक विशेष किरदार निभाएंगी, जिसमें वह एक मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के रूप में नजर आएंगी। पीलू विद्यार्थी, विशाल चौधरी, आम्रपाली गुप्ता और अनन्या खरे अन्य लोगों में शामिल हैं। गुड़ से मीठा इश्क 18 अप्रैल से स्टार भारत पर शुरू होगा।

## लिजोमोल जोस ने अपनी अगली फिल्म अन्नपूर्णी पर काम शुरु किया

अभिनेत्री लिजोमोल जोस ने अपनी अगली फिल्म अन्नपूर्णी पर काम शुरू कर दिया है। उद्योग के सूत्रों के अनुसार केएच पिक्च र्स के हरि भास्कर और ओडीओ पिक्च र्स के नेताजी द्वारा निर्मित फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता लियोनल जोशुआ द्वारा किया जा रहा है। यह एक थ्रिलर फिल्म होगी। फिल्म पर काम एक साधारण पूजा के साथ शुरू हुआ। सूत्र का कहना है कि अभिनेत्री लिजोमोल जोस और लोसलिया दोनों फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग चेन्नई और उसके आसपास के इलाकों में होगी। अभिनेत्रियों के अलावा, हरीश कृष्णन धरनी रेड्डी, राजीव गांधी और वैराबलन भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आएंगे। गोविंद वसंता को फिल्म में संगीत देंगे, जिसके बोल युगभारती के होंगे और छायांकन हेक्टर द्वारा किया जाएगा।

## अभिनेत्री सयानी गुप्ता की फिल्म शेमलेस ओटीटी पर रिलीज

अभिनेत्री सयानी गुप्ता और अभिनेता हुसैन दलाल की फिल्म शेमलेस ओटीटी पर रिलीज की गई। इस फिल्म को भारत की तरफ से ऑस्कर के लिए भेजा गया था। फिल्म अमेजॉन मिनी टीवी पर रिलीज की गई है।

फिल्म के प्रोड्यूसर गिरीश प्रभु ने कहा, हमें खुशी है कि हम एक ऐसी फिल्म पर्दे पर लाए हैं, जिसकी कहानी दर्शकों को पसंद आएगी।


शेमलेस कीथ गोम्स द्वारा निर्देशित और शबीना खान द्वारा निर्मित की गई है। शेमलेस में सयानी और हुसैन ने शानदार किरदार निभाया है। हमें खुशी है कि अमेजॉन मिनीटीवी के साथ, देश भर के दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे। फिल्म में प्रवीण एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की भूमिका में हैं, जो अपने घर पर अकेले रहते हैं। उनके उतार चढ़ाव में तब बदलाव आता है, जब उनका सामना भारती नाम की लड़की से होता है, जो एक डिलीवरी गर्ल का काम करती है।

## विजय ने वामशी पेडिपल्ली के साथ फिल्म शुरु की

अभिनेता विजय की फिल्म बीस्ट की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म 13 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। वहीं अभिनेता ने अपनी 66 वीं फिल्म पर काम शुरू कर दिया है, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक वामशी पेडिपल्ली द्वारा अभिनीत किया जा रहा है।

यह श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस के दिल राजू और शिरीष द्वारा निर्मित है। फिल्म थलपथी66 को शहर में एक पूजा समारोह के साथ लॉन्च किया गया। फिल्म का टाइटल अभी अस्थाई है। इस फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के माध्यम से परियोजना का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी व्यक्त की। फिल्म के लॉन्च के दिन विजय के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए, उन्होंने लिखा कि कई वर्षों से सर को देख रही हूं और अब मैं उनके साथ काम करने जा रहीं हूं। मैं उनके साथ नाचूंगी, बात करुं गी, एक्ट करुं गी। मैं बहुत खुश हूं। संगीत निर्देशक एस थमन फिल्म के लिए साउंडट्रैक प्रस्तुत करेंगे और केएल प्रवीण संपादन करेंगे।

# साउथ के सुपरस्टार राम चरण ने क्रू मेंबर्स को बांटे सोने के सिक्के



साउथ के सुपरस्टार राम चरण तेजा इन दिनों हर कहीं चर्चा में हैं और उनका चर्चा में होना भी बनता है, क्योंकि उनकी हालिया रिलीज फिल्म आरआरआर बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म को मिली इस कामयाबी से राम चरण सातवें आसमान पर हैं। अब फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए उन्होंने इसके क्रू मेंबर्स को एक सरप्राइज दिया है। उनकी दरियादिली की फैंस खूब तारीफ कर रहे हैं।

राम चरण ने कैमरा असिस्टेंट, प्रोडक्शन मैनेजर, अकाउंटेंट, स्टिल फोटोग्राफर्स, डायरेक्शन डिपार्टमेंट के अलावा दूसरे डिपार्टमेंट के लगभग 35 क्रू मेंबर्स को सोने के सिक्के बांटे हैं। हैदराबाद में अपने घर पर उन्होंने सबको नाश्ते पर बुलाया और फिर मिठाई के साथ सिक्के गिफ्ट किए। सिक्कों पर एक तरफ अभिनेता का नाम है तो दूसरी तरफ आरआरआर का साइन बना हुआ है। हर एक सिक्का करीब 11.6 ग्राम का है। हर सिक्के की कीमत 55,००० से 6०,००० रुपये तक है।

आरआरआर से पहले फिल्म पुष्पा ने भी बॉक्स ऑफिस पर धुआंदार कमाई की थी। फिल्म के निर्देशक सुकुमार ने भी क्रू मेंबर्स को तोहफा दिया था। उन्होंने कहा था, मेरी प्रोडक्शन टीम के हर सदस्य ने बहुत मेहनत की है और उनके काम की सदस्य को उपहार के रूप में 1 लाख रुपये देना चाहूंगा। उन्होंने कहा, वो सभी, जिन्होंने पुष्पा के लिए दिन रात एक कर काम किया, उनका बहुत-बहुत धन्यवाद।

आरआरआर ने 1० दिन के अंदर दुनियाभर में 9०० करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है और बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में आमिर खान की फिल्म पीके को भी इसने धूल चटा दी है। निर्देशक एसएस राजामौली की इस फिल्म को लेकर पहले से ही धमाकेदार कमाई का अनुमान लगाया जा रहा था, क्योंकि उनकी फिल्म बाहुबली ने भी बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़े थे। आरआरआर हिंदी में भी कई रिकॉर्ड बना रही है।

आरआरआर 25 मार्च को सिनेमाघरों में आई थी। इसे दर्शकों के साथ समीक्षकों फिल्म के किरदारों, सिनेमेटोग्राफी, स्पेशल इफेक्ट्स, भव्य सेट और किरदारों की काफी तारीफ हो रही है। इसमें राम चरण और जूनियर एनटीआर ने मुख्य भूमिका निभाई है।

फिल्म दो महान स्वतंत्रता सेनानियों अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम की कहानी पर आधारित है। यूएस प्रीमियर शो में 22 करोड़ रुपये कमाने वाली यह पहली भारतीय फिल्म बन चुकी है।

आरआरआर के बाद अब राम चरण की तेलुगु फिल्म आचार्य का दर्शकों को इंतजार है। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें पहली बार राम चरण अपने सुपरस्टार पिता चिरंजीवी के साथ नजर आएंगे। उनकी यह फिल्म 29 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।

# शादी के बाद और भी हसीन हुई मौनी रॉय

एक्ट्रेस मौनी रॉय अपने कातिलाना हुस्न को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. वह अक्सर फैंस के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. अब उन्होंने अलग-अलग लुक में अपनी लेटेस्ट फोटोज पोस्ट की हैं जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही हैं. मौनी रॉय के हुस्न के लाखों दीवाने हैं. वह जब अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं, तो इंटरनेट का तापमान हाई हो जाता है. उन्होंने एक बार फिर फैंस के दिलों में खलबली मचा दी है. उन्होंने अलग-अलग लुक में अपनी फोटोज पोस्ट की हैं. इन तस्वीरों में मौनी रॉय का हॉट अंदाज देखते ही बन रहा है. उन्होंने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं. किसी फोटो में वह ब्रालेट पहने हुए नजर रही हैं, तो किसी में वह पूल के अंदर चिल करती दिख रही हैं. मौनी हर लुक में कहर ढा रही हैं. इंस्टाग्राम पर मौनी रॉय की बहुत तगड़ी फैन फॉलोइंग है, जो उनकी बोल्ड और हॉट तस्वीरों को बहुत पसंद करते हैं. मौनी रॉय एक भारतीय टीवी/फिल्म अभिनेत्री हैं। मौनी रॉय टीवी की दुनिया में नागिन शिवन्या और देवो के देव महादेव में सती के किरदार के लिए जानी जाती हैं। मौनी ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2००7 में एकता कपूर के टीवी शो, क्यों सास भी कभी बहु थी से की, इस शो में वह पुलकित सम्राट के अपोजिट नजर आयीं थी। मौनी ने अपने 11 साल के करियर में कई उतार चढाव देखें। हालांकि आज मौनी टीवी की दुनिया की प्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस हैं, और अब वह कई फिल्मों में नजर आ रही हैं।

# बुर्ज अल अरब पर परफॉर्म करने वाली पहली भारतीय बनीं उर्वशी रौतेला

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने भले ही अपने अभिनय से बॉलीवुड में अपनी पहचान नहीं बनाई, लेकिन अपने डांस से दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही हैं। आए दिन किसी ना किसी वजह से वह लाइमलाइट में रहती हैं। कभी सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों को लेकर तो कभी अपने डांस को लेकर। अब फिर उर्वशी सुर्खियों में हैं। वह बुर्ज अल अरब के टॉप पर परफॉर्मेंस देने वाली पहली भारतीय बन गई हैं।

उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह स्टेज पर परफॉर्मेंस देती दिखाई दे रही है। इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, मैं बहुत खुश हूं कि बुर्ज अल अरब पर परफॉर्मेंस देने वाली मैं पहली भारतीय हूं। अभी तक विश्व के सात सितारों ने ही बुर्ज अल अरब पर परफॉर्म किया था। अब उन नामों में उर्वशी का नाम भी शामिल हो गया है। एक यूजर ने लिखा, इसलिए हमें आपके ऊपर गर्व है।

दुबई का बुर्ज अल अरब ऐसी जगह है, जहां आपकी कल्पना के सारे नमूने देखने को मिलते हैं। अरब भाषा में बुर्ज का मतलब टावर होता है। बुर्ज अल अरब का मतलब अरब का टावर है। यह दुनिया का तीसरा सबसे ऊंचा होटल भी है।

इससे पहले भी उर्वशी इराक की एक मैगजीन, बगदाद स्टाइल स्ट्रीट के मार्च 2०21 के कवर पर आने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनी थीं, वहीं 2०2० में अरब फैशन वीक में वह ऐसी पहली भारतीय थीं, जो शो स्टॉपर के रूप में दिखाई दी थीं। उर्वशी ने 2०13 में फिल्म सिंह साब द ग्रेट से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी। मॉडलिंग से करियर की शुरुआत करने वाली उर्वशी ने मिस डीवा 2०15 खिताब अपने नाम किया था। उन्होंने मिस यूनिवर्स पेजेंट 2०15 में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह भाग जॉनी, सनम रे, ग्रेट ग्रैंड मस्ती, काबिल, हेट स्टोरी 4, पागलपंती और भानुप्रिया जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, लेकिन उन्हें अपनी एक्टिंग से ज्यादा डांस के लिए जाना जाता है।

उर्वशी पिछले काफी समय से वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश को लेकर सुर्खियों में हैं। सीरीज में उनके साथ दिग्गज अभिनेता रणदीप हुड्डा भी नजर आएंगे। इंस्पेक्टर अविनाश एक क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसका निर्देशन नीरज पाठक कर रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश के एक सेवानिवृत्त अधिकारी अविनाश मिश्रा की कहानी पर आधारित है। सुपरकॉप अविनाश की भूमिका में रणदीप नजर आएंगे। उर्वशी इसमें अविनाश की पत्नी पूनम मिश्रा की भूमिका निभा रही हैं।

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अभिनय के मामले में उर्वशी की दाल गल नहीं रही है, क्योंकि उन्हें ज्यादातर फिल्मों में ग्लैमरस किरदार मिल रहे हैं। वह पर्दे पर ग्लैम डॉल बनकर रह गई हैं। शायद यही वजह है कि अब उर्वशी दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपनी किस्मत आजमाने चली हैं। जल्द ही उन्हें तमिल फिल्म द लीजेंड में सरवाना के साथ देखा जाएगा। इसके अलावा फिल्म ब्लैक रोज से उर्वशी तेलुगु फिल्मों में भी एंट्री करने वाली हैं।

# निजता के अधिकार पर नया खतरा

अजीत द्विवेदी

क्रिमिनल प्रोसिजर (आईडेंटिफिकेशन) बिल, 2022 संसद के दोनों सदनों से पास हो गया है और इसका कानून बन कर लागू होना महज वक्त की बात है। यह नया कानून 102 साल पुराने आइडेंटिफिकेशन ऑफ प्रिजनर एक्ट 1920 की जगह लेगा। नया कानून पुलिस के हाथ में असीमित अधिकार देता है और निजता के अधिकार पर नए खतरे पैदा करता है। कायदे से जो कानून 102 साल पुराने कानून को बदलने के लिए लाया जा रहा था उस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए थी और सहमति बनानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा लग रहा है कि यह सरकार किसी भी कानून के ऊपर संसद में सहमति बनाने को अपना अपमान मानती है। अन्यथा ऐसी क्या जल्दी थी, जो सरकार ने आनन-फानन में बिल पेश करके उसे पास कराया? बिल को संसदीय समिति में भेजने की मांग मान ली जाती तो उससे क्या बिगड़ रहा था? जो कानून 102 साल से चल रहा था वह तीन-चार महीने और चल सकता था। उसे 10 दिन में नहीं बदला जाता तो कोई आफत नहीं आ रही थी। लेकिन अपनी धमक और विपक्ष को उसकी हैसियत दिखाने के लिए बिल 10 दिन में पास कराया गया।

यह कानून संविधान की मूल भावना के विरूद्ध है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन करता है और न्याय के बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ है। न्याय का बुनियादी सिद्धांत यह है कि जब तक कोई दोषी साबित नहीं होता तब तक उसे बेकसूर माना जाता है। फिर किसी बेकसूर आदमी की उसकी मर्जी के बगैर बायोमेट्रिक पहचान हासिल करने का अधिकार पुलिस को कैसे दिया जा सकता है? कोई भी सरकार संदिग्ध या आरोपी और दोषी का फर्क कैसे खत्म कर सकती है? पुलिस अगर संदेह के आधार पर किसी को हिरासत में लेती है तो उसकी बायोमेट्रिक पहचान लेने की इजाजत पुलिस को नहीं दी जा सकती।

विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता आए दिन धरना-प्रदर्शन करते हैं और धारा 144 का उल्लंघन करते हैं, जिसके आरोप में पुलिस उनको हिरासत में लेती है। क्या पुलिस हिरासत में लिए गए सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की उंगलियों और पैरों के निशान लेगी, उनकी लंबाई मापेगी और वजन करेगी, उनका ब्लड ग्रुप दर्ज करेगी, उनकी आंखों की पुतलियों को स्कैन करेगी और उनके डीएनए का सैंपल लेगी, उनका पोलिग्राफ टेस्ट करेगी और ब्रेन मैपिंग करेगी? हैरानी की बात है कि किसी भी व्यक्ति की सहमति के बगैर इस तरह का डाटा हासिल करने को सुप्रीम कोर्ट ने अवैध ठहराया हुआ है। सेल्वी बनाम कर्नाटक सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में इस मसले पर बहुत विस्तार से फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले में नार्को एनालिसिस, पोलिग्राफ टेस्ट और ब्रेन मैपिंग को लेकर कहा था कि किसी भी व्यक्ति की बिना सहमति के इस तरह की तकनीक का इस्तेमाल उसकी निजता का उल्लंघन है। अदालत ने यह भी कहा है कि चाहे आपराधिक मामले की जांच हो या कोई और मामला हो, इन तकनीकों का इस्तेमाल किसी भी व्यक्ति पर नहीं किया जा सकता है। बहस के लिए कहा जा सकता है कि नए कानूनों में इन तकनीकों के इस्तेमाल की बात नहीं कही गई है, लेकिन यह भी सही है कि इन तकनीकों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा, यह भी नहीं कहा गया है। इस कानून की धारा दो (1) (बी) में साफ कहा गया है कि पुलिस और जेल अधिकारी माप और जैविक सैंपल आदि ले सकेंगे। इसका मतलब है कि सब कुछ पुलिस की मर्जी पर छोड़ा गया है कि वह जो भी बायोमेट्रिक डाटा हासिल करना चाहे वह हासिल कर सकती है।

सरकार कह रही है कि उसका इरादा कानून का दुरुपयोग करने का नहीं है। सोचें, कौन सी सरकार किस कानून के बारे में कहती है कि दुरुपयोग करने के लिए कानून बनाया जा रहा है? सारे कानून जनता की भलाई के लिए ही बनाए जाते हैं। लेकिन सवाल है कि ऐसा कानून क्यों बनाना, जिसके अंदर उसके दुरुपयोग की पूरी संभावना मौजूद हो? सरकार और ससंद दोनों की जिम्मेदारी होती है कि कानून के हर पहलू पर गंभीरता से विचार हो और उसके दुरुपयोग की संभावना को यथासंभव खत्म किया जाए। लेकिन इस कानून के मामले में यह भी नहीं किया गया।

सरकार ने 28 मार्च को बिल पेश किया, जिसे चार अप्रैल को लोकसभा में और छह अप्रैल को राज्यसभा से पास करा लिया गया। विपक्ष इसे संसदीय समिति में भेजने की मांग करता रहा लेकिन सरकार ने उस पर ध्यान नहीं दिया। सरकार की ओर से कहा गया कि कानून सौ साल पुराना हो गया है और अपराध रोकने के लिए कानून के अंदर नई तकनीक का प्रावधान किया जाना जरूरी है। इससे किसी को आपत्ति नहीं हो सकती है कि पुराने कानूनों में सुधार हो और जहां अपराध रोकने में तकनीक कारगर हो वहां उनका इस्तेमाल भी हो। लेकिन किसी सरकारी एजेंसी को नागरिकों के खिलाफ तकनीक के मनमाने इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जा सकती।

एक अजीब सा तर्क आजकल भारत में दिया जाने लगा है, जो इस कानून के मामले में भी दिया गया कि इस तरह की व्यवस्था अमेरिका और ब्रिटेन में भी है। सोचें, क्या ऐसे तर्क से इस कानून को न्यायसंगत ठहराया जा सकता है? अमेरिका में नागरिकों की सुरक्षा, उनकी निजता की रक्षा और मानवाधिकारों को लेकर बहुत सख्त कानून हैं। कोई भी एजेंसी उसमें दखलंदाजी नहीं कर सकती है। दूसरे, अमेरिका में डाटा की गोपनीयता और उसकी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था है। भारत में डाटा की गोपनीयता और उसकी सुरक्षा की क्या व्यवस्था है? कितनी बार इस लचर व्यवस्था की पोल खुल चुकी है। आधार का डाटा बाजार में बिकने की कितनी बार खबरें आई हैं। ऐसे में सोचा जा सकता है कि संदेह के आधार पर हिरासत में लिए गए आरोपी या जेल में बंद लाखों-करोड़ों विचाराधीन कैदियों के बायोमेट्रिक डाटा के साथ क्या हो सकता है। इससे अपराध रोकने में कितनी मदद मिलेगी यह नहीं कहा जा सकता है लेकिन यह तय दिख रहा है कि इस कानून का दुरुपयोग आम लोगों के खिलाफ खुलेआम हो सकता है। इसका इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए भी हो सकता है। यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 तीनों के खिलाफ है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सरासर उल्लंघन है।

## श्वेता शर्मा ने साड़ी में पार कर दी हद, टोन्ड फिगर से हटेंगी नहीं निगाहें

भोजपुरी सिनेमा की कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं जिन्होंने अपनी ग्लैमरस अदाओं से लोगों के दिलों में तहलका मचा दिया है. रितेश पांडे की एक्ट्रेस श्वेता शर्मा भी इन्हीं कुछ खूबसूरत हसीनाओं में से एक हैं।

श्वेता शर्मा और रितेश पांडे की जोड़ी 'गजब करैया' में एक साथ नजर आई थी। श्वेता शर्मा ने रितेश पांडे के साथ मिलकर लोगों पर ऐसा जादू किया है कि इसके बाद की कहानी हर कोई जानता है। इसे देखकर श्वेता शर्मा सोशल मीडिया सेंसेशन बन गई हैं। आए दिन वह सोशल मीडिया पर सिजलिंग फोटोज पोस्ट कर लोगों के दिलों की धड़कन तेज करती रहती हैं.

इस बार श्वेता ने व्हाइट कलर की साड़ी में आग लगाने वाली कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। श्वेता ने साड़ी के साथ स्टाइलिश ब्लाउज कैरी किया हुआ है, जिसमें उनका अंदाज देखने लायक है। श्वेता ने साड़ी व्हाइट साड़ी पर ग्लॉसी मेकअप किया है। इसके साथ ही उनके माथे पर लाल बिंदी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाती नजर आ रही है।

एक्ट्रेस की तस्वीरों को उनके फैंस इतना पसंद कर रहे हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. कोई उनके स्टाइल पर मर रहा है तो कोई उनकी खूबसूरती पर। श्वेता शर्मा की ऐसी ही तस्वीरों से पता चलता है कि वह आने वाले दिनों में भोजपुरी इंडस्ट्री की कई बड़ी अभिनेत्रियों को टक्कर देती नजर आएंगी। क्या आपको भी ऐसा लगता है? अगर हां, तो जल्दी से कमेंट में अपनी राय बताएं।

## सू- दोकू क्र. 94

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.93का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## ओह माई डॉग के टीजर में दिखी एक बच्चे और उसके पालतू जानवर की जादुई कहानी

आगामी तमिल फिल्म ओह माई डॉग के निर्माताओं ने शुक्रवार को एक दिलचस्प टीजर जारी किया। जैसा कि टीजर में देखा गया है, फिल्म एक छोटे बच्चे (अर्नव विजय द्वारा अभिनीत) और उसके पालतू पिल्ला सिम्बा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो इस अनोखी दोस्ती के बहुत प्यारे और मजेदार पलों को प्रदर्शित करता है। एक दिल को छू लेने वाली कहानी के साथ, टीजर आगामी फिल्म में मुख्य भूमिकाओं को पेश करके कहानी को अच्छी तरह से स्थापित करता है। सभी उम्र के बच्चों को आकर्षित करने की उम्मीद में, फिल्म एक इंसान और एक कुत्ते के बीच बिना शर्त बंधन को दर्शाती है।

सरोव षणमुगम द्वारा लिखित-निर्देशित, इस फिल्म में युवा नवोदित अर्नव विजय, अरुण विजय, विजय कुमार, महिमा नांबियार और विनय राय प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ओह माई डॉग ज्योतिका-सूर्या द्वारा निर्मित है, जिसे राजशेखर कर्पूरसुंदरपांडियन और आरबी टॉकीज के एस.आर. रमेश बाबू द्वारा 2डी एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी है। संगीत निवास प्रसन्ना द्वारा कंपोज है और सिनेमैटोग्राफी गोपीनाथ द्वारा किया गया है। ओह माई डॉग एक पारिवारिक मनोरंजन फिल्म है, जो 21 अप्रैल को पूरे भारत और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर तमिल और तेलुगु में एक विशेष वैश्विक प्रीमियर के लिए तैयार है।

# रोजगार तो पैदा कीजिए

ऐसा नहीं है कि सरकारी क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर हैं, इसलिए वहां सामाजिक न्याय के लिए हर स्तर पर आरक्षण जरूरी हैं। असल सूरत यह है कि सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र लुप्त-प्राय होने की दिशा में है। इसीलिए असल सवाल यह है कि रोजगार के अधिक अवसर कैसे पैदा हों।

जिस समय समस्या रोजगार के अवसर घटने की है, चर्चा के केंद्र में आरक्षण को ला देना सरकार के लिए एक राहत की बात हो सकती है। प्रश्न है कि जब अपनाई गई आर्थिक नीतियों की वजह से अर्थव्यवस्था पर एकाधिकार कायम हो रहे हैं- प्रतिस्पर्धा और उद्यम भावना लगभग गायब होती जा रही है, तब आरक्षण से कितने लोगों का भला हो सकता है? और ऐसा नहीं है कि सरकारी क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर हैं, इसलिए वहां सामाजिक न्याय के लिए हर स्तर पर आरक्षण के प्रावधान जरूरी हैं। असल सूरत यह है कि सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र लुप्त-प्राय होने की दिशा में है। इसीलिए केंद्र को यह कहते हुए राहत ही महसूस हुई होगी कि प्रमोशन में आरक्षण को रद्द नहीं किया जाएगा।

आखिर उसकी इस बात से समाज के एक तबके को खुशी होगी। यह तबका आज भारतीय जनता पार्टी का सबसे बड़ा वोट आधार है। तो केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि प्रमोशन में आरक्षण की नीति रद्द करने का असर साढ़े चार लाख कर्मचारियों पर पड़ेगा। इससे उनमें असंतोष बढ़ेगा। केंद्र सरकार ने अपने एक हलफनामे में कहा कि 2007 से 2020 के बीच साढ़े चार लाख से अधिक कर्मचारियों को इसका लाभ मिला।

ऐसे में अगर इस नीति के खिलाफ किसी भी तरह का आदेश दिया जाता है तो इसके गंभीर और व्यापक प्रभाव हो सकते हैं। 2017 में दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण की केंद्र की इस नीति को खारिज कर दिया था। उसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। वहां अपनी नीति का बचाव करते हुए केंद्र ने कहा कि प्रोमोशन में आरक्षण की नीति से किसी पर विपरीत या नकारात्मक असर नहीं पड़ रहा था। प्रमोशन में आरक्षण का लाभ सिर्फ उन्हीं कर्मचारियों को दिया गया, जो मानदंडों को पूरा करते हैं और वो निर्धारित अर्हता पूरी करते हों। सरकार ने अदालत के सामने 75 मंत्रालयों और विभागों का डेटा भी पेश किया। उसने कहा कि कुल 27,55,430 कर्मचारियों में से 4,79,301 ही अनुसूचित जाति से और 2,14,738 अनुसूचित जनजाति से आते हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के 4,57,148 कर्मचारी हैं। अगर प्रतिशत में देखें तो केंद्र सरकार के मंत्रालयों विभागों में एससी वर्ग से 17.30 फीसदी, एसटी वर्ग से 7.70 फीसदी और ओबीसी वर्ग से 16.50 फीसदी कर्मचारी हैं।(आरएनएस)



उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की शिष्टाचार भेंट।

# नाराजगी के गुब्बारे की निकली हवा

विशेष संवाददाता

देहरादून। हाईकमान के फैसले से नाराज कांग्रेसी विधायकों की बैठक तीन दिन बाद भी नहीं हो सकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी अनुशासन के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले इन विधायकों को भी हाईकमान के उन निर्देशों की हवा लग चुकी है जिसमें सख्त रुख अपनाए जाने की बात कही गई है।

अब इन नाराज विधायकों की बैठक होगी भी या नहीं कुछ कहा नहीं जा सकता है। हां यह बात जरूर सामने आई है कि अब इन नाराज विधायकों की बैठक का नेतृत्व करने को कोई भी तैयार नहीं है। मीडिया में धारचूला विधायक हरीश धामी जिन्होंने सीएम धामी के लिए सीट छोड़ने की बात कही थी उनके खिलाफ पार्टी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। यह खबर मीडिया में आने के बाद से इन विधायकों के तेवर अब ढीले पड़ चुके हैं। हरीश धामी के तेवर भी हरीश रावत से मुलाकात के बाद बदले हुए हैं। बताया जा रहा है कि उनके इस काम को हरीश रावत ने भी गलत बताते हुए आगे कुछ न कहने या करने की नसीहत उन्हें दी है। दूसरी तरफ कांग्रेस के कुछ नेताओं को भी इन नाराज विधायकों से बात करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जो इन्हें संपर्क साधने में लगे हुए हैं साथ ही हाईकमान की नाराजगी से उन्हें अवगत कराया जा रहा है। इस सबके बावजूद भी अगर कोई कांग्रेसी विधायक मनमानी करता है तो कांग्रेस उसे बाहर का रास्ता दिखाने में देर नहीं करेगी। भाजपा में जाकर भी इन विधायकों का कुछ भला नहीं हो सकता है इस बात को भी यह कांग्रेसी विधायक बखूबी जान समझ रहे हैं। यही कारण है कि वह जिस तरह की दबाव की राजनीति करना चाह रहे थे अब उस गुब्बारे की हवा निकल चुकी है। देखना होगा कि अब वह आगे बैठक करते हैं या नहीं। हालांकि हरीश रावत द्वारा यह कहा जाना कि कोई कहीं नहीं जाएगा सब समझते हैं। यह भाजपा का फैलाया हुआ भ्रम है यह बताने के लिए काफी है कि इस नाराजगी के कोई मायने नहीं रहे हैं।

**❑कांग्रेसी विधायकों की बैठक अब तक भी नहीं हो सकी**

# ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड पर वाहन चढाने वाला गिरफ्तार

देहरादून (संवाददाता)। यातायात डयूटी पर तैनात होमगार्ड कर्मचारी पर कार चढाकर भागने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश निवासी होमगार्ड कर्मचारी नागेन्द्र कुमार ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी डयूटी समय प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक एमकेपी चौक पर थी समय लगभग 12 बजे वाहन संख्या एचआर 70 सी 8640 होन्डा सिटी कार को उसके द्वारा चौराहे पर रुकने का इशारा किया रेड सिग्नल होने के बाबजूद धर्मपुर की तरफ से एमकेपी चौक की ओर आ रहा था। वाहन नही रुका मेरे द्वारा रुकने का इशारा करने पर वाहन चालक के द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए वाहन को सीधे उसके ऊपर चढा दिया वह उछलकर कार के बोनट पर गिर गया फिर सडक के दूसरी ओर गिर गया, कार चालक कार को लेकर बुद्धा चौक की तरफ भाग गया उसके द्वारा 112 को सूचना दी ओर अपना इलाज कराया। कुछ समय पश्चात चीता पुलिस नेहरु कालोनी द्वारा वाहन चालक को पकड़ लिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी के जखोल में किया बिशु मेले का उद्घाटन

विशेष संवाददाता



उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आज उत्तरकाशी के जखोल स्थित सोमेश्वर मंदिर के प्रांगण में आयोजित बिशु मेले का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मेले का महत्व धर्म और आस्था के साथ ही लोक संस्कृति और संवर्धन से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि रवांई-जौनसार क्षेत्र की लोक संस्कृति अपने आप में एक विशेष संस्कृति का परिचायक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ ही उत्तराखंड का चहुमुखी विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप उत्तराखंड में हुए विकास कार्यों पर पुरोला की जनता ने मोहर लगाई है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए स्थानीय जनता का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो सालों से चारधाम यात्रा पर कोरोना का प्रभाव रहा है, लेकिन इस बार यात्रा बड़े स्तर पर चलेगी, जिसके लिए सरकार पूरी तरीके से तैयार है। सरकार का उद्देश्य है कि इस बार चारधाम यात्रा में आने वाले देश दुनिया के श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अतिथि देवो भव: के ध्येय वाक्य को लेकर चल रहे हैं।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। जिसमें हर एक प्रदेशवासी को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जो वादे जनता से किए हैं उनको पूरा किया जा रहा है। प्रदेश में समान नागरिक संहिता को लेकर एक ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा, उसके लिए जल्द कमेटी गठित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता से वादा किया था कि गरीब परिवार को साल भर में 3 सिलेंडर मुफ्त दिए जाएँगे। इसे जल्द लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही वृद्धावस्था पेंशन में बढ़ोतरी और दोनों पात्र दंपतियों को वृद्धावस्था पेंशन दिए जाने का शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों के मानदेय बढ़ोतरी और राज्य आंदोलनकारियों के अस्पताल में मुफ्त इलाज की व्यवस्था का शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

**❑पुरोला और आस पास के क्षेत्र को विशेष बागवानी क्षेत्र बनाने के किए जाएँगे प्रयास**

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि पुरोला और आसपास के क्षेत्र को बागवानी क्षेत्र घोषित करने के लिए सरकार काम करेगी। विकासखंड मोरी के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उच्चीकृत किया जाएगा। पुरोला विकासखंड में स्वर्गीय बर्फिया लाल जुवांठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला चिकित्सा अस्पताल के रूप में उच्चीकृत किया जाएगा। विकासखंड नौगांव में स्थित बर्नीगार्ड में नए सत्र में डिग्री कॉलेज स्थापित किया जाएगा। मोरी-नेटवाड़-सांकरी-जखोल मोटर मार्ग को यथोचित योजना में शामिल कर बनाया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक पुरोला दुर्गेश्वर लाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश चौहान, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, बिशु मेला समिति (जखोल) के अध्यक्ष गंगा सिंह रावत समेत बड़ी संख्या में स्थानीय जनता मौजूद रही।

## मकान का ताला तोड़कर चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने सैनिक कालोनी में मकान का ताला तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सैनिक कालोनी निवासी शशिभूषण तिवारी ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाजार गया था जब वह सांय पांच बजे वापस आया तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके घर से जेवरात व नगदी चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# आंधी में पेड गिरने से दो की मौत, छह घायल

हमारे संवाददाता




टनकपुर। आंधी तूफान में पेड गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी जबकि छह लोग घायल हो गये जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस आंधी तूफान आने से रात में कुमाऊं के कई क्षेत्रों में नुकसान होने की खबर सामने आई है। चंपावत जिले के टनकपुर में बीती शाम आंधी के चलते पेड़ नीचे गिर गया। जिसके नीचे दबकर एक श्रद्धालु समेत दो लोगों की मौत हो गई। बता दें कि घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी लाया गया है। एसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि गत दिवस शाम को मौसम बिगड़ने के बाद तेज हवा और आंधी चली। जिसकी वजह से रेलवे मार्ग पर पाकड का बहुत भारी पेड़ अचानक जमींदोज हो गया। इसी दौरान पेड़ के नीचे से ई-रिक्शा और कुछ लोग निकल रहे थे, जो पेड़ के नीचे आ गए। एक ढाबा भी पेड के नीचे दब गया। मौके पर चीख पुकार मची तो सूचना के बाद सीओ अविनाश वर्मा, कोतवाल हरपाल सिंह के नेतृत्व में मौके पर पुलिस, एसडीआरएफ और अग्निशमन दस्ते की टीम भी आ गई। जिसके बाद पेड़ को काटकर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। डेढ़ घंटे के बाद आठ लोगों को निकाला गया। जिनमें से पूर्णागिरी मंदिर जा रहे एक श्रद्धालु समेत दो लोगों की मौत हो गई। प्रभारी एमएस डॉ. वीके जोशी ने बताया कि 17 वर्षीय मोहित कश्यप पुत्र वेद प्रकाश, निवासी संजयनगर बरेली और 60 वर्षीय मोहम्मद उमर पुत्र छिद्दा, निवासी न्यूरिया जिला पीलीभीत की मौत हो गई। इस हादसे के बाद रेलवे मार्ग पर एक घंटे तक आवाजाही भी प्रभावित रही। साथ ही बिजली पर भी असर पड़ा।



## एक नजर

# युद्ध में 50 दिन तक जीवित रहने पर होना चाहिए गर्वः जेलेंस्की

कीव। रूस और यूक्रेन में जारी युद्ध को 50 दिन से ज्यादा हो चुकें हैं और अभी भी रूसी सेना के ताबड़तोड़ हमले जारी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुरुवार रात देश के नाम दिए वीडियो संबोधन में रूसी युद्धपोत के डूबने की ओर इशारा किया। जेलेंस्की ने यूक्रेन के लोगों से कहा कि, उन्हें इस युद्ध में 50 दिन तक जीवित रहने पर काफी गर्व होना चाहिए, जबकि रूस ने उन्हें सिर्फ पांच दिन दिए थे। यूक्रेन ने कैसे रूसी आक्रमण का सामना किया है, इस बात का जिक्र करते हुए जेलेंस्की ने कहा,



जिन्हें लगता था कि समुद्र के तल में पहुंचने के बाद भी रूसी युद्धपोत बच सकता है। अपने संबोधन में उन्होंने युद्धपोत का बस इतना ही जिक्र किया। वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि युद्धपोत एक बंदरगाह पर ले जाते समय आए तूफान में डूब गया। यूक्रेन ने कहा है कि, उनकी सेना ने युद्धपोत पर मिसाइल हमले किए थे, जबकि रूस ने दावा किया है कि मोस्कवा आग लगने से क्षतिग्रस्त हुआ था और उस पर कोई मिसाइल हमला नहीं हुआ था। गौरतलब है कि राजधानी कीव सहित देश के उत्तरी हिस्से से पीछे हटने के बाद रूस पूर्वी यूक्रेन पर हमले की तैयारियों में जुटा है। ऐसे में युद्धपोत का डूबना रूस के लिए बड़ी सांकेतिक हार माना जा रहा है। मंत्रालय के मुताबिक, युद्धपोत पर आमतौर पर ५०० नाविक तैनात होते हैं और इसके डूबने से पहले ही चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित उतार लिया गया था, जिसके बाद उस पर लगी आग पर भी काबू पा लिया गया था। युद्धपोत लंबी दूरी की १६ मिसाइलें ले जाने की क्षमता रखता था।

## विश्व भर में 50 करोड़ से ज्यादा हुए कोविड के मामले

जिनेवा। विश्व भर में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर ५० करोड़ से ज्यादा हो गई है। ये आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने साझा किया। डब्ल्यूएचओ कोरोना वायरस डैशबोर्ड के अनुसार, वैश्विक स्तर पर गुरुवार तक कोरोना मामलों की कुल संख्या बढ़कर ५००,१८६,५२५ हो चुकी है और अबतक कोरोना से ६,१६०,३४६ लोगों की मौत हो चुकी हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ७.६७ करोड़ से ज्यादा कोरोना मामलों और ६७६,३२१ मौतों के साथ सबसे अधिक



प्रभावित देश है। अमेरिका के बाद भारत और ब्राजील हैं, जहां क्रमशरू ४.३ करोड़ और ३ करोड़ से अधिक मामले सामने आए हैं, साथ ही ५२१,७३७ और ६६१,४६३ मौतें भी दर्ज की गई हैं। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार नए कोरोना मामलों और मौतों की साप्ताहिक संख्या में गिरावट जारी है।

## इंडिगों की फ्लाइट में यात्री के मोबाइल फोन में लगी आग!

नई दिल्ली। इंडिगो की डिब्रूगढ़–दिल्ली उड़ान के दौरान गुरुवार को एक यात्री के मोबाइल फोन में आग लग गई, लेकिन चालक दल के सदस्यों ने आग बुझाने वाले यंत्र की मदद से उस पर काबू पा लिया। यह जानकारी विमानन नियामक डीजीसीए के अधिकारियों ने दी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी यात्री




या चालक दल के सदस्य को कोई चोट नहीं आई है। अधिकारियों ने बताया कि उड़ान संख्या ६ई २०३७ डिब्रूगढ़ से दिल्ली की ओर आ रही थी, तभी चालक दल के एक सदस्य ने एक यात्री के फोन से चिंगारी और धुआं निकलते देखा। उन्होंने बताया कि इसके बाद चालक दल के सदस्य ने आग बुझाने के उपकरण की मदद से आग बुझायी। उन्होंने बताया कि विमान गुरुवार दोपहर करीब १२.४५ बजे दिल्ली हवाईअड्डे पर सुरक्षित उतर गया। इंडिगो ने एक बयान में कहा, डिब्रूगढ़ से दिल्ली की उड़ान ६ई २०३७ पर एक मोबाइल की बैटरी के असामान्य रूप से गर्म होने की घटना हुई। चालक दल को खतरनाक घटनाओं का प्रबंधन करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है और उन्होंने स्थिति पर जल्दी काबू पा लिया। किसी यात्री या विमान में किसी संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ।

# कुख्यात लारेंस विश्नोई गैंग का शूटर गिरफ्तार


हमारे संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ पंजाब व एसटीएफ उत्तराखण्ड द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए कल देर रात कुख्यात लारेंस विश्नोई गैंग के शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पंजाब से बीती पांच अप्रैल को एक हत्या कर फरार हुआ था जिसकी गिरफ्तारी प्रेमनगर के मांडूवाला क्षेत्र से की गयी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार कल देर शाम एसटीएफ पंजाब द्वारा एसटीएफ उत्तराखंड से सम्पर्क कर सूचना दी गयी कि पंजाब में एक हत्या में शामिल लारेंस विश्नोई गैंग का एक शूटर हरवीर सिंह पुत्र दलजीत सिंह निवासी पटियाला राजधानी देहरादून में छुपा हुआ है। सूचना की गम्भीरता को देखते हुए एसटीएफ उत्तराखण्ड द्वारा एसटीएफ पंजाब के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए उक्त शूटर हरवीर की तलाश शुरू कर दी गयी। शूटर हरवीर की तलाश में जुटी संयुक्त टीम को कल देर रात जानकारी मिली कि दो दिन पूर्व ही मांडूवाला, प्रेम नगर में एक लड़का बाहर से आकर रुका है। इस पर संयुक्त टीम ने मांडूवाला में दबिश देकर शूटर हरवीर को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसने पूछताछ में बताया कि उसकी जुगनू निवासी पटियाला से रंजिश चल रही थी। बीती पांच अप्रैल को जुगनू ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला किया तो उसने भी अपने साथियों सहित उस पर हमला बोल दिया। बताया कि ताबड़तोड़ फायरिंग में तरकेन्द्र सिंह बिंद्रा को गोली लग गई और उसकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद हम सभी लोग अलग–अलग हो गये और मैं देहरादून आकर मांडूवाला में रूक गया। बताया जा रहा है कि हरवीर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गैंग का सदस्य है जो कि वर्तमान में तिहाड़ जेल दिल्ली में बंद है हरवीर को एसटीएफ पंजाब के सुपुर्द किया गया है।

## साईकिल दिलाने से किया मना तो युवती ने लगायी फांसी



संवाददाता

देहरादून। मां ने साईकिल दिलाने से मना किया तो युवती ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रातः रायपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि कृष्णा एन्क्लेव मयूर विहार में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने देखा कि कमरे का दरवाजा अन्दर से बन्द है तो पुलिस ने दरवाजा तोडकर अन्दर प्रवेश किया। कमरे के अन्दर युवती का शव पंखे से लटका हुआ था। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर उसको 108 को मदद के लिए बुलाया तो 108 में मौजूद चिकित्सक ने युवती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतका का नाम वंदना उर्फ रीना पुत्री राय सिंह राणा निवासी मयूर विहार था। परिवार वालों ने बताया कि वंदना ने अपनी मां श्रीमती मीना से साईकिल दिलाने के लिए कहा था लेकिन उसकी मां ने साईकिल दिलाने से मना कर दिया जिससे आवेश में आकर वह अपने कमरे में गयी और फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कांग्रेसी नेता झगड़े में मस्त..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

की कवायद भी भाजपा के अंदर तेजी से चल रही है। केंद्रीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने के निर्देश केंद्र सरकार व मोदी द्वारा भाजपा नेताओं को दिए जा चुके हैं। वहीं कांग्रेसी नेता फिर पार्टी के विभाजन पर आमादा है व तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## बालाजी शोभा यात्रा के दौरान यातायात डायवर्ड रहेगा

संवाददाता

देहरादून। बालाजी शोभा यात्रा के दौरान दून का यातायात डायवर्ड रहेगा तथा डायवर्ड प्लान देखकर ही घर से निकलें।

आज यहां एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल को शिवाजी धर्मशाला से श्री पृथ्वीनाथ महादेव सेवा दल द्वारा श्री बालाजी महाराज की शोभायात्रा का कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसके दृष्टिगत देहरादून शहर का यातायात प्लान डायवर्ड रहेगा। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के शिवाजी धर्मशाला से प्रस्थान करने पर निरंजनपुर मंडी लालपुल व मातावाला बाग कट से सहारनपुर चौक की ओर आने वाले यातायात को परिस्थिति अनुसार रोका, डायवर्ट किया जा सकता है व बल्लीवाला से सहारनपुर चौक की ओर आने वाले यातायात को कमला पैलेस, बल्लूपुर की ओर डायवर्ट किया जायेगा। शोभायात्रा के सहारनपुर चौक से झंडा बाजार में प्रवेश करने पर समस्त डायवर्ट स्थलो को सामान्य कर दिया जायेगा। शोभायात्रा का चकराता रोड में चलने की दशा में शोभायात्रा के साथ– साथ यातायात को भी संचालित किया जायेगा। दबाव की स्थिति में घंटाघर से दिलाराम से कैंट रोड की ओर यातायात डाइवर्ट किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा का पिछला हिस्सा बिन्दाल रोटरी से तिलक रोड में प्रवेश करने पर चकराता रोड को सामान्य कर दिया जायेगा। शोभायात्रा का अगला हिस्सा दर्शनी गेट पहुंचने पर गऊ घाट स्थित कट को पार करने पर सहारनपुर चौक से प्रिंस चौक की ओर आने वाले यातायात को रोक–रोक कर चलाया जायेगा। शोभायात्रा के गऊ घाट से शिवाजी धर्मशाला की ओर चलने पर शोभायात्रा के साथ साथ यातायात को भी संचालित किया जायेगा। शोभायात्रा का पिछला हिस्सा शिवाजी धर्मशाला में प्रवेश करने की दशा में समस्त डायवर्ट स्थलो को सामान्य कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान आपातकालीन सेवा वाले वाहनो का जाने दिया जायेगा।

## संदिग्ध स्थिति में फ्लाईओवर के नीचे मिला युवक का शव

संवाददाता

देहरादून। गढी कैण्ट क्षेत्र के एक व्यक्ति का शव छिद्दरवाला फ्लाईओवर के नीचे संदिग्ध अवस्था में पडा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रातः रायवाला थाना पुलिस को सूचना मिली कि तीन पानी फ्लाई ओवर के नीचे एक व्यक्ति मूर्छित अवस्था में पडा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि उक्त व्यक्ति पीठ के बल मृत अवस्था में पडा था। पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से पुलिस को आधार कार्ड व पेन कार्ड मिला जिस पर राजेश कुमार पुत्र आनंद सिंह प्रधान निवासी पोस्ट आफिस गढी कैण्ट शनि मन्दिर के पास डाकरा का पता था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की मौत फ्लाई ओवर से नीचे गिरने से हुई है।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*